# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा / माध्य / गुणवत्ता / 2020–21 दिनांक : 04.06.2021

1.मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समस्त जिले
2. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समस्त ब्लॉक
3. समस्त संस्था प्रधान राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालय

विषयः—सत्र 2021—22 का प्रारम्भ एवं प्रारम्भिक गतिविधियों का संचालन।

राज्य के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में **7 जून 2021 से नवीन शैक्षणिक सत्र 2021—22 का प्रारम्भ हो रहा है परन्तु** कोविड—19 की परिस्थितियों के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग एवं गृह विभाग की गाइडलाइन के अनुरूप ही कक्षा शिक्षण प्रारंभ किया जा सकेगा। सत्रारम्भ में शिक्षकों एवं कार्मिकों की उपस्थिति, विद्यार्थियों के अध्ययन की निरन्तरता के संबंध में निम्न कार्यवाही सुनिश्चित करें :—

- शिक्षा सत्र 2021—22 दिनांक 7 जून 2021 से प्रारम्भ होगा अतः राज्य सरकार के गृह विभाग की गाइडलाइन के अनुसार दिनांक 7 जून को अनुमत संख्या में ही कार्मिक / शिक्षक विद्यालय में उपस्थित हो।
- तदुपरांत गाइडलाइन के अनुसार दिनांक **08 जून 2021 से 50 प्रतिशत स्टॉफ** शालाप्रधान द्वारा निर्धारित नियमित आवर्तन (Rotation) में विद्यालय में उपस्थिति देगा।
- ग्रीष्मावकाश अवधि में मुख्यालय से अन्यत्र उपस्थित शिक्षक, गाइडलाइन अनुसार प्रस्तावित दिनांक **10.06.2021 से बाद परिवहन साधन संचालन अनुमत होने पर** मुख्यालय पर उपस्थित होंगे। संस्था प्रधान द्वारा ऐसे शिक्षकों को बाध्य नहीं किया जाए।
- विद्यार्थियों को घर पर रहते हुए वैकल्पिक अध्ययन की निर्बाधता के लिए सत्र 2021—22 के लिए ''आओ घर में सीखें—2.0'' चलाया जाएगा। इसके लिए वाट्सअप ग्रुप निर्माण, अभिभावकों से सम्पर्क आदि आवश्यक कार्य जिसके लिए संस्था प्रधान को पाबंद किया जाता हैं कि वह दिनांक 19.6.2021 तक निम्न कार्य सुनिश्चित कराएं। संस्था प्रधान शत प्रतिशत शिक्षकों की भागीदारी को सुनिश्चित करेंगें अर्थात 50% शिक्षक विद्यालय में तथा अन्य 50 % फील्ड में रोटेशन से निम्न कार्य संपादित करेंगे।

<u>रोटेशन से फील्ड में विजिट करने वाले शिक्षकों हेतु दिनांक 19.06.2021 तक करणीय कार्य</u>

- **प्रवेशोत्सव प्रथम चरणः** ''आओ घर में सीखें—2.0'' कार्यक्रम तथा प्रवेशोत्सव के प्रथम चरण हेतु पुराने विद्यार्थियों से सम्पर्क करेंगे तथा नवीन नामांकन अभिवृद्धि अभियान हेतु विद्यार्थियों का चिन्हीकरण एवं उन्हें विद्यालय से जोड़ने हेतु प्रयास करेंगे।
- **विशेष आवश्यकता वाले बालक—बालिका की पहचान व नामांकन अभिवृद्धि अभियानः** परिक्षेत्र के विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें औपचारिक शिक्षा से जोड़ने हेतु प्रयास करेंगे तथा उनके लिए विभाग द्वारा संचालित प्रोत्साहन योजनाओं से अभिभावकों को अवगत कराएंगे। पूर्व से अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों को उनके अध्ययन हेतु चलाए जा रहे कार्यक्रमों से अवगत करवाएंगे।
- **अभिभावकों से संवादः** अभिभावकों से सम्पर्क कर उन्हें सरकार द्वारा अध्ययन की निरन्तरता के लिए संचालित कार्यक्रमों यथा '' आओ घर में सीखें—2.0 '' स्माइल, शिक्षावाणी, शिक्षा दर्शन के संबंध में जानकारी देंगे। राज्य सरकार द्वारा विद्यार्थियों के लिए चलाई जा रही लाभकारी एवं प्रोत्साहन योजनाओं यथा मिड—डे—मील, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, छात्रवृतियां आदि से अभिभावकों को परिचित कराएंगे।
- **स्माइल व्हाट्सएप ग्रुप हेतु जोड़ने से जोड़ने हेतु प्रेरणाः** अभिभावकों को स्माइल वाट्सअप ग्रुप से जोडेंगे एवं विद्यार्थी हेतु उसके नियमित उपयोग की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए, विद्यार्थी के नियमित अध्ययन हेतु प्रेरित करेंगे।
- **विद्यार्थियों को मानसिक संबलन प्रदान करनाः** विद्यार्थी से वार्तालाप कर उसकी मानसिक स्थिति के अनुरूप संबंल प्रदान करने का प्रयास करेंगे।

**रोटेशन से विद्यालय में उपस्थिति देने वाले शिक्षकों हेतु दिनांक 19.06.2021 तक करणीय कार्य**

- **उपस्थिति रजिस्टर संधारण:** कक्षा 1 से 9 एवं कक्षा 11 के विद्यार्थियों को आगामी कक्षाओं में क्रमोन्नत किया जा चुका है। अतः कक्षाध्यापक द्वारा नवीन कक्षा में कक्षोन्नत हुए विद्यार्थियों की प्रविष्टि उपस्थिति रजिस्टर एवं स्कॉलर रजिस्टर में **दिनांक 7 जून से 15 जून 2021 तक करनी** सुनिश्चित की जाए।
- **विद्यार्थियों को क्रमोन्नति प्रमाण पत्र वितरण:** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी कक्षा में क्रमोन्नत विद्यार्थियों का प्रमाण पत्र शाला दर्पण से डाउनलोड कर विद्यार्थियों तक पहुंचाया जाना है। **अतः उक्त कार्य दिनांक 19 जून 2021 तक किया जाना सुनिश्चित करावे तथा यह प्रमाण पत्र विद्यार्थियों तक पहुंचाएं।**
- **स्माइल व्हाट्सएप ग्रुप बनाना** : नवीन कक्षा के अनुरूप कक्षावार **स्माइल व्हाट्सअप ग्रुप दिनांक 15 जून 2021 तक कक्षाध्यापक** द्वारा बनाया जाना सुनिश्चित करें।
- **शाला दर्पण पर स्माइल मॉड्यूल अपडेट करना:** शाला दर्पण पोर्टल पर उपलब्ध स्माइल मॉड्यूल में वन–टाइम तथा साप्ताहिक प्रविष्टि नवीन सत्र के **अनुरूप दिनांक 19 जून 2021 तक** की जानी सुनिश्चित की जाए।

## प्रमुख कार्य एवं निर्धारित टाईम लाइन

| गतिविधि | निर्धारित तिथि |
|---|---|
| सत्र 2021–22 का प्रारम्भ | 07 .जून 2021 |
| आगामी कक्षा में क्रमोन्नत विद्यार्थियों की प्रविष्टि स्कॉलर रजिस्टर में की जानी एवं कक्षावार उपस्थिति रजिस्टर संधारित किया जाना । | 07 जून से 15 जून 2021 |
| आगामी कक्षा में क्रमोन्नत विद्यार्थियों का प्रमाण पत्र शाला दर्पण अथवा पीएसपी पोर्टल से डाउनलोड किया जाना । | 07 जून से 15 जून 2021 |
| विद्यार्थियों को टेलीफोन कॉल किया जाना एवं उसका रिकॉर्ड संधारण किया जाने का प्रारंभ | 12 जून 2021 से |
| कक्षावार स्माइल व्हाट्सएप समूह का निर्माण | 15 जून 2021 तक |
| क्रमोन्नति प्रमाण पत्रों का वितरण । | 19 जून 2021 तक |
| स्माइल मॉड्यूल पर स्टूडेंट रीच फॉर्म की वन टाइम एंट्री | 19 जून 2021 तक |

अध्ययन की निरन्तरता हेतु "आओ घर में सीखें–2.0" कार्यक्रम एवं बुनियादी दक्षताओं हेतु आगामी तीन माह के प्रस्तावित कार्यक्रम तथा गतिविधियों के निर्देश शीघ्र आयोजित होने वाली वीड़ियों कॉन्फ्रेंस में तथा पृथक से जारी आदेश/परिपत्र में सूचित किए जाएगें। अतः उक्तानुसार सत्रारम्भ हेतु निर्धारित कार्यों की समयबद्ध क्रियान्विति सुनिश्चित कराएं।

(सौरभ स्वामी)
आइ.ए.एस
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान बीकानेर

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. विशिष्ट सहायक, शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राजस्थान सरकार जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव स्कूल शिक्षा राजस्थान जयपुर।
3. निदेशक, संस्कृत शिक्षा राजस्थान जयपुर ।
4. निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् , उदयपुर
5. संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा –समस्त।
6. उपनिदेशक शाला दर्पण जयपुर को भेजकर लेख है कि **इस क्रम में स्माइल माड्यूल संबंधी आवश्यक** कार्यवाही कराएं।
7. रक्षित पत्रावली

*निदेशक माध्यमिक शिक्षा*
*राजस्थान बीकानेर*